`

# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–14 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार

रंगो का त्योहार होली आज प्रदेश भर में हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। लोगों ने सारे भेद–भाव भुलाकर सुबह से दोपहर बाद तक रंग, अबीर और गुलाल से जमकर होली खेली तो शाम होते ही एक दूसरे के घर जाकर होली मिलन का सिलसिला भी शुरू हो गया है। गोरखपुर में होली के पर्व का विशेष आकर्षण भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पारंपरिक रूप से शामिल होना रहा। मुख्यमंत्री ने भगवान नृसिंह की आरती उतारने के बाद लोगों के बीच फूलों और गुलाल से होली जमकर खेली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि होली जैसे सनातन पर्व हमें धर्म और सत्य के मार्ग पर चलते हुए एकजुट रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि एकजुटता से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा।

**प्रधानमंत्री मोदी जी ने देशवासियों के सामने विकसित भारत का एक संकल्प दिया। विकसित भारत तभी विकसित हो सकता है हमारा भारत तभी विकसित हो सकता है जब वह एक होगा, एक होगा तो श्रेष्ठ होगा, श्रेष्ठ होगा तो दुनिया की कोई ताकत इसे विकसित बनने से रोक नही सकता।**

अयोध्या में होली का उत्साह चरम पर रहा। यहां आज रंग पर्व का शुभारंभ भगवान रामलला के विग्रह को गुलाल लगाकर किया गया। होली के दिन रामलला को पिचकारी धारण कराई गयी। काशी में भी होली का विशेष उत्साह देखा गया। विशिष्ट तरीके से रंगोत्सव मनाने के लिए प्रसिद्ध काशी में सुबह से ही रंगों की बारिश शुरू हो गयी थी। होली के रंग में रंगे भक्तें ने बाबा विश्वनाथ को भी गुलाल अर्पित किया। मथुरा सहित प्रदेश के सभी जिलों में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होलिकोत्सव पर प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि होली पर्व हमें यह संदेश देता है कि एकता से ही देश अखंड रहेगा।

**********

पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल स्थित औड़िहार–भटनी रेलखंड के दुल्लहपुर, जखनिया, सादात स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के कारण आज से तेइस मार्च तक प्री इंटरलॉकिंग कार्य होगा। चौबीस से छब्बीस मार्च तक नान इंटरलॉक कार्य होगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि दोहरीकरण कार्य के चलते चौबीस से छब्बीस मार्च तक बनारस–भटनी, वाराणसी सिटी पैसेंजर और पचीस तथा छब्बीस मार्च को गोरखपुर–बनारस–गोरखपुर एक्सप्रेस का संचलन निरस्त किया गया है। दोहरीकरण के कारण ही कई ट्रेनों के मार्ग में भी परिवर्तन किया गया है।

**********

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद–सीबीएसई ने बारहवीं की हिन्दी परीक्षा के लिए छात्रों को बड़ी सहुलियत दी है। सीबीएसई ने होने वाली हिन्दी की परीक्षा को एक बार और कराने का फैसला लिया है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि देश के कुछ जगहों पर कल भी होली मनाई जाएगी। इस कारण ऐसे जगहों के परिक्षार्थियों को एक और मौका दिया जाएगा।

**********

शासन ने अब सभी निजी अस्पतालों के लिए जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र का पंजीकरण सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम पोर्टल पर करना अनिवार्य कर दिया है। निजी अस्पतालों को डिस्जार्च के समय परिजनों को अनिवार्य रूप से जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र देना होगा।

**********

मौसम विभाग ने आगामी 36 घंटों में राज्य के पश्चिमी जिलों में गरज चमक के साथ बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि आने वाले दो से तीन दिनों में तापमान में गिरावट आएगी।

***जैसा कि पश्चिमी स्ट्रोक सक्रिय है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से ये आने वाले चार दिनों तक बना रहेगा। जिस वजह से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बदलों की आवाजाही रहेगी। इस वजह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बूंदाबादी गरज चमक के साथ तापमान में 2 से 3 डिग्री आने वाले दिनों में थोड़ी कमी देखने को मिलेगी।***

**********

भारत ने दिल्ली में विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रॉ–प्री 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 45 स्वर्ण, 40 रजत और 49 कांस्य सहित कुल 134 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय एथलीट्स ने ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में असाधारण प्रदर्शन किया। पुरुष शॉटपुट में भारत ने सभी पदक अपने नाम किए। भारत के सागर ने 11 दशमलव चार–सात मीटर तक गोला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं जंका सिंह ने रजत और बालाजी राजेन्द्रन ने कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों की 200 मीटर दौड में भारत के विनय ने रजत और अभिषेक बाबा साहिब जाधव ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा में भारत की प्रीति पाल ने कांस्य पदक जीता।

**********